सायबर पुलिस के अनुसार चार आरोपियों के खातों में करीब 5.5 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ जो विभिन्न राज्यों में सायबर ठगी के मामलों से जुड़ा पाया गया। पकड़े गए आरोपियों में राहुल सिंह, मनमोहन यादव, नाहिद अली और एक युवती गणपति राजपुरोहित शामिल हैं, जिनके खातों का दुरुपयोग सायबर ठगों ने किया। इनमें से एक आरोपी सिम कार्ड बेचने का काम करता था जो लोगों से दो बार अंगूठा लगवाकर उनके नाम पर कई सिमकार्ड निकलवाता था। बाद में इन सिम कार्ड्स का उपयोग फर्जी खातों से पैसे निकालने और ट्रांजेक्शन में किया गया। आरोपी युवती को भी एक गिरोह ने अपने जाल में फंसा कर उसके नाम पर बैंक खाता खुलवाया और सायबर ठगी की राशि को ट्रांसफर करने में उसका और अन्य बैंक खातों का इस्तेमाल किया।

सायबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ अभिषेक राठी के अनुसार, सायबर अपराधी आजकल लोगों को फर्जी कॉल, बिजली कनेक्शन कटने की धमकी, ई-केवाईसी अपडेट कराने, पीडीएफ लिंक भेजने, एपीके फाइल डाउनलोड करवाने जैसे तरीकों से फांसते हैं। राठी ने बताया कि लोगों को कभी भी अपना बैंक खाता, ओटीपी, पासवर्ड, आधार नंबर या अंगूठा किसी को भी नहीं देना चाहिए। मामूली फायदे के चक्कर में लोग अपनी पहचान और वित्तीय सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। बीकानेर में सायबर अपराधियों की सक्रियता तेजी से बढ़ी है और इसका शिकार अधिकांश वे लोग हो रहे हैं जिन्होंने अपनी सतर्कता खो दी है। मामूली लाभ के लिए बैंक खाता या सिम दूसरों को सौंपना अब भारी पड़ रहा है। ऐसे में जरूरी है कि आमजन जागरूक बनें और सायबर नियमों का पालन करें।

43.54 लाख के गबन के आरोपी की नापासर में तलाश

- नागपुर में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के यहां एकाउंटेंट का काम करने वाला गबन कर फरार हो गया था

बीकानेर, (निसं)। महाराष्ट्र के नागपुर में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के यहां एकाउंटेंट का काम करने वाला 43.54 लाख रुपए का गबन कर फरार हो गया, जिसकी बीकानेर के नापासर में तलाश की जा रही है। आरोपी नापासर का रहने वाला है और महाराष्ट्र पुलिस उसकी तलाश में आई है, लेकिन आरोपी का पता नहीं चल पाया है।

नापासर निवासी मुरलीधर मालचंद आसोपा महाराष्ट्र के नागपुर में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के यहां एकाउंट का काम देखता था। व्यवसायी ने 25 जून, 22 को उसे काम पर रखा। इस दौरान मुरलीधर ने व्यवसायी की कंपनी में अकाउंट का काम किया और 3 नवंबर, 2023 को दीपावली के समय गांव जाने के लिए निकला और वापस नहीं लौटा। इस दौरान कंपनी के अन्य कार्मिकों ने अकाउंट चेक किया तो 43,54,653 रुपए का गबन सामने आया। व्यवसायी की ओर से नागपुर के वाडी पुलिस थाने में आरोपी मुरलीधर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया। मुरलीधर इस मामले में फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए वाडी थाने के एसआई यूआर जायेभाये नापासर पहुंचे। स्थानीय पुलिस के सहयोग से आसोपा के घर गए और उसकी तलाश की, लेकिन, आरोपी नहीं मिला। नापासर पुलिस थाने के एसएचओ लक्ष्मण सुथार ने बताया कि नागपुर पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से आसोपा के घर नोटिस चस्पा किया है।

संक्षिप्त

भागवत कथा का शुभारंभ

निवाई। सिंधी कॉलोनी में स्थित झूलेलाल धर्मशाला में उदयपुर के पुष्करदास महाराज के सानिध्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलशयात्रा के साथ हुआ। श्रद्धालु हेमंतदास फुलवानी ने बताया कि श्याम बाबा मंदिर में भागवत की पोथी एवं कलशों का विधि विधान से पूजन किया गया। इसके बाद पोथी को भगवान के चरणों में रखकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। कलश यात्रा में महिलाएं भजनों पर नृत्य करती हुई चल रही थी। कलश यात्रा में कथा व्यास संत पुष्करदास महाराज, टोंक के स्वामी तुलसीदास, दादू आश्रम के स्वामी प्रकाशदास महाराज सहित यजमान सोनू फुलवानी ने परिवार के साथ भागवत की पोथी को सिर पर धारण किया। कथा में महाराज ने कहा आज के समय में चारों तरफ दुख व अशांति हो रही है। जो भगवान की शरण में आए उन्हें शांति अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि सत्संग रूपी ठंडक में जो आएगा उन्हें शांति मिलेगी। सत्संग से जुडने से संताप कम होता है। भागवत ठान्थ इसलिए कहते है क्यों कि यह ठान्थ मन की गांठो को खोलता है। भजन व कथा का श्रवण करने से मन प्रसन्न रहता है। उन्होंने कहा कि तन, मन व धन का सही उपयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा मेहनत से कमाए ओर शुभ कार्य में खर्च करने से लक्ष्मी प्राप्त होती है।

मृतकों के आश्रितों को आर्थिक मदद

टोंक। बनास नदी में विगत दिनों हुए हादसे में जयपुर जिले के 8 व्यक्तियों के डूबकर मृत्यु होने पर जिला कलेक्टर टोंक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने मृतकों के आश्रितों को सहायता दिलवाने में त्वरित कार्यवाही की है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद कुमार मीणा ने बताया कि मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता दिलवाये जाने के लिए कुल 8 मृतकों में से 6 मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना में बीमित होने पर 4 के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपये की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। एडीएम ने बताया कि अन्य बीमित 2 मृतकों के आश्रितों को भी शीघ्र ही आर्थिक सहायता स्वीकृत की जाएगी। साथ ही, जिला कलेक्टर टोंक द्वारा अबीमित 2 मृतक आश्रितों को आर्थिक सहायता के लिए स्वीकृति प्रस्ताव मुख्यमंत्री सहायता कोष को भिजवाया जा चुका है।

विमान दुर्घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि

मनोहरपुर। कस्बे के गांधी चौक बाजार में नगर कांठोस कमेटी ने सोमवार को अहमदाबाद विमान व केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटना, पुणे में पुल, टोंक बनास नदी में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मोमबत्ती जलाकर मौन रहकर दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना की प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष नाथू लाल सैनी, नगर अध्यक्ष अलाउद्दीन खान, पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया, ब्लॉक प्रवक्ता राकेश हलकारा, महेश जडवाल, ओम प्रकाश बागडी, किशन भारती, खेमचंद असवल, बनवारी यादव,पंकज मिश्रा, शाहिद खान, अफसर खान एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य डॉ हंसराज चौहान ने यह जानकारी दी।

पंजीकरण शिविर आज

श्रीमाधोपुर। विशेष योग्यजन संयुक्त सहायता योजना अंतर्गत कृत्रिम अंग उपकरण वितरण हेतु पंजीकरण शिविर पंचायत समिति सभागार श्रीमाधोपुर में 17 जून मंगलवार को प्रात: 10 से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें पात्र विशेष योग्यजनों के कृत्रिम अंग उपकरण यथा ट्राई साइकिल, व्हील चेयर , हियरिंग मशीन , वैसाखी व इसके साथ ही पालनहार योजना , पेंशन योजना , दिव्यांग प्रमाण पत्र के आवेदन भी लिए जाएंगे। इच्छुक विशेष योग्यजन प्रमाण पत्र , आधार कार्ड व विकलांगता प्रदर्शित करते हुए पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य साथ लाएं।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

रात में गश्त के दावों के बावजूद बदमाश बेखौफ

- शीशा तोड़ गिरोह सक्रिय, रंजीत नगर में कार के शीषे तोडे, पुलिस अभी तक खाली हाथ

भरतपुर (निस)। भरतपुर में कारों के शीशे तोड़ने वाली गैंग सक्रिय, बीती रात रंजीत नगर में कार के दोनों शीशे तोड़े, पुलिस की 2 टीमें बदमाशों की तलाश की रही है।

भरतपुर शहर में इन दिनों एक असामाजिक तत्वों की गैंग सक्रिय है। कुछ युवक रात को ठ्रुप बनाकर पॉश कॉलोनियों में जाते हैं और, घर के बाहर खडी कारों के शीशों को पत्थरों से तोड देते हैं। पिछले कई दिनों से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। बीती रात भी शहर के रंजीत नगर में कुछ युवकों ने एक व्यक्ति की कार के आगे पीछे के शीशों को तोड दिया। जब परिवार के लोग सुबह सोकर उठे तो, उन्हें घटना का पता लगा। जिसके बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। रोहित गोयल ने बताया कि वह व्यापारी हैं। उनका मकान बन रहा है।

भरतपुर में कारों के शीशे तोड़ने वाली गैंग सक्रिय होने से लोगों को नुकसान हो रहा है।

इसलिए हाल में उनका परिवार बगल वे मकान में रह रहा है। कल काम से आने के बाद उन्होंने अपनी कार घर के बाहर खड़ी कर दी थी। सुबह जब उठे तो, उनकी कार के आगे पीछे के शीशे टूटे हुए थे। आगे के शीशे पर एक ईंट भी पड़ी थी। जिसके बाद उन्होंने कोतवाली थाना पुलिस को घटना को सूचना दी। पुलिसकर्मी मौके पर आए और उन्होंने आसपास मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले लेकिन, इस घटना को अंजाम देने वाले लोगों का पता नहीं लगा। गत दिनों मथुरा गेट थाना क्षेत्र स्थित जवाहर नगर कॉलोनी में अराजक तत्वों द्वारा मकानों के बाहर आधा दर्जन खडी कारों के शीषे तोडे गये थे।

पीडितों की ओर से संबंधित पुलिस थाने में षिकायत दी गई लेकिन इसके बावजूद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी हैं इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस इन मामलों को लेकर कितनी गंम्भीर है। बीते दिनों से हो रही इन घटनाओं को लेकर सीओ आइपीएस पंकज यादव ने कहा कि, ऐसे बदमाशों को पकड़ने के लिए दो टीमें लगाई हैं। कुछ युवकों को आइडेंटिफाई किया गया है। अभी तक नामजद कोई भी सामने नहीं आया है। शहर में 2 फेज की गश्त चल रही है। रात में घूमने वाले लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही है।

पेयजल किल्लत से आमजन को मिलेगी राहत

कोटपूतली। भीषण गर्मी के मौसम में क्षेत्रवासियों को पेयजल किल्लत से राहत दिलाने जाने को लेकर विधायक हंसराज पटेल द्वारा हरसम्भव प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में विधायक पटेल की अनुशंषा पर राज्य सरकार के पीएचईडी विभाग ने क्षेत्र में विभिन्न पेयजल योजनाओं हेतु 01 करोड 26 लाख 73 हजार रूपयों की राशि जारी करते हुये वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है। विधायक पटेल ने बताया कि ग्राम भूरी भडाज में एक श्री फेस ट्यूबवैल पाईप लाईन हेतु 24 लाख 30 हजार, ग्राम चिमनपुरा में एक श्री फेस ट्यूबवैल पाईप लाईन हेतु 24 लाख 23 हजार, ग्राम सांगटेडा में एक श्री फेस ट्यूबवैल पाईप लाईन हेतु 24 लाख 94 हजार, ग्राम पूतली में एक श्री फेस ट्यूबवैल पाईप लाईन हेतु 24 लाख 44 हजार व कस्बे के डाबला रोड स्थित काशीपुरम में एक श्री फेस ट्यूबवैल पाईप लाईन हेतु 28 लाख 82 हजार रूपयों की राषि जारी की है।

नवनियुक्त कार्यकारिणी का स्वागत

निवाई। भारतीय जनता पार्टी के शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदनसिंह राठौड, जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान की अनुमति से विधायक रामसहाय वर्मा के निर्देशन में कार्यकारणी की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि कार्यकारणी में महामंत्री के पद पर जयनारायण कुमावत व वंशप्रदीप पारीक, उपाध्यक्ष किशनलाल चौधरी, शंकरलाल पडियार, शिवप्रकाश पारीक, नगेन्द्रसिंह, चन्द्रकला खंडेलवाल व मोहित जैन, मंत्री जितेन्द्र विजय, लक्ष्मण गुर्जर, जितेन्द्र धारवाल, पार्षद शंकरलाल सैनी, रामकेश मीणा व सुमित्रा वर्मा, कोषाध्यक्ष रामविलास बलाई, सह कोषाध्यक्ष विरेन्द्रसिंह, कार्यालय मंत्री गोवर्धन जैन, सह कार्यालय मंत्री नरेश कसाणा, मीडिया प्रभारी संजय हरसोरा, सह मीडिया प्रभारी सियाराम शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी अर्जुन शर्मा, सह सोशल मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश वर्मा, आईटी सेल प्रभारी चन्दनमल कंवरिया, सह प्रभारी जॉनी केशवानी, प्रचार मंत्री अनिल पारीक सिरस एवं सह प्रचार मंत्री के पद पर जॉन्टी नकवाल को नियुक्त किया है। इस दौरान नवनियुक्त शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा सहित समस्त कार्यकारणी का विधायक रामसहाय वर्मा व पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के सानिध्य में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाकर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

प्रवेश की अंतिम तिथि 20 जून

श्रीमाधोपुर। नवीन राजकीय सह शिक्षा महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में प्रवेश प्रक्रिया जारी आवेदन ऑनलाइन ई मित्र के माध्यम से भरे जा रहे आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून 25 है महाविद्यालय स्तर पर आवेदनों का सत्यापन 21 जून तक किया जायेगा तथा अंतिम वरीयता एवं प्रतिक्षा सूची का प्रकाशन 23 जून को किया जाएगा , सत्यापन एवं शुल्क जमा 26 जून को होगा,28 जून को अंतिम सूची का प्रकाशन होगा तथा 1 जुलाई से अध्ययन कार्य हिन्दी, अंठोजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र , अर्थशास्त्र विषय में शुरू होगा। छात्र एवं छात्राएं दोनों इस महा विद्यालय में प्रवेश ले सकते हैमहाविद्यालय नगरपालिक श्रीमाधोपुर के सामने स्थित अस्थाई भवन में संचालित है, शीर्ष ही नवीन भवन का निर्माण होगा ।महाविद्यालय में राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रत्येक प्रकार की छात्र वृत्ति जैसे सामाजकल्याण , कालीबाई स्कूटी देवनारायण स्कूटी योजना आदि का लाभ तथा ट्रांसपोर्ट योजना का लाभ राजस्थान के नियमानुसार देय होगा।

मानसून पूर्व तैयारियों के लिए ई.ओ. को निर्देश दिए

सांभरझील, (निसं)। पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा जो कि आगामी 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजित किया जाना है के अंतर्गत सरकार की ओर से विभिन्न कामों को तत्काल प्रभाव से करने हेतु नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी को निर्देश जारी कर दिए हैं। स्वायत शासन विभाग के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने आदेश में बताया कि

सभी बरसाती नालों, सीवर लाइनों एवं ड्रेनेज चैनलों की सफाई 15 अप्रैल से प्रारंभ की जा चुकी है इस कार्य को नियमित रूप से जारी रखें तथा सतत मॉनिटरिंग एवं साइट निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें।

जलभराव की पूर्व संभावना वाले स्थलों की पहचान कर, आवश्यक समाधान एवं वर्षाजल की त्वरित एवं निर्बाध निकासी हेतु पुख्ता एवं स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। रेलवे अंडरपास, निचले क्षेत्रों में बसी बस्तियों एवं प्रमुख सडक चौराहों पर वर्षा के समय जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पंप सेट्स, नाव, मिट्टी से भरे कट्टे आदि की पूर्व तैयारी एवं त्वरित तैनाती करने को भी कहा है।

निर्देश दिए गए हैं कि बरसाती नालों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों की पहचान कर, नियमानुसार अभियान संचालित करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाए तथा वृक्षारोपण के लिए, गड्डों की खुदाई शीघ्रता से पूर्ण कराई जाए ताकि पखवाडे के दौरान पौधारोपण किया जा सके। इसके अतिरिक्त अधिशाषी अधिकारी को तालाबों, नाडियों एवं अन्य सार्वजनिक जल स्त्रोतों की समुचित सफाई कराई जाए तथा इनके किनारों पर सुरक्षा एवं सावधानियों से संबंधित चेतावनी बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने पिछली बरसातों में जिन इलाकों में समस्याएं सामने आई थीं, उनकी समीक्षा करते हुए स्थायी समाधान की दिशा में काम करने, आपदा प्रबंधन के अंतर्गत मिट्टी से भरे कट्टों की अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि भारी वर्षा या जलभराव की स्थिति में तुरंत उपयोग में लिया जा सके। मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्रों पर पहले से संग्रहित वस्तुओं जैसे कपडे, फर्नीचर, खिलौने आदि का संग्रहण एवं वितरण की योजना बनाकर लागू करने, रात्रिकालीन सफाई कार्यों की ठेकेदारों द्वारा व्यवस्था एवं रात्रि निरीक्षण उपखण्ड अधिकारी/ तहसीलदार स्तर पर किया जाएगा। सभी सफाई व अन्य संबंधित भुगतान कार्य मानसून उपरांत किया जाए ताकि कार्यों की सही प्रकार से स्थिति सामने आ सके।

भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

निवाई। भारतीय जनता पार्टी नटवाडा मण्डल अध्यक्ष बद्री विजय नटवाडा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एवं जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान की अनुमति से विधायक रामसहाय वर्मा की सहमति से कार्यकारणी का विस्तार किया है। जिससे भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड गई। अध्यक्ष बद्री विजय ने बताया कि कार्यकारणी में महामंत्री के पद पर आशाराम डोई व नारायण यादव, उपाध्यक्ष अमरसिंह सोलंकी, डीआर ममता चौधरी, पूर्व प्रधान ममता जाट, रमेश गुर्जर, हरिशंकर चौधरी व रामसहाय मीणा, मंत्री के पद पर रामदयाल गुर्जर, नन्दसिंह राजावत, जगराम मीणा, मुकेश रैगर, मुकेश प्रजापत व लवराज सिंह, कोषाध्यक्ष के पद पर रामदेव प्रजापत, आई-टी-सेल प्रभारी चिन्टू लक्षकार, मीडिया प्रभारी हेमराज मीणा, प्रवक्ता धर्मचन्द चैधरी, कार्यालय मंत्री मुकेश कीर व सोशल मीडिया प्रभारी के पद पर राजू जायसवाल को नियुक्त किया है।

पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

कोटपूतली। राजकीय एल.बी.एस. पी.जी. महाविद्यालय में सोमवार को नई किरण नशा मुक्त भारत अभियान के एक्टिविटी कैलेंडर के अनुसार जून माह के दूसरे सप्ताह में नई किरण नशा मुक्ति अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पोस्टर के माध्यम से नशे के साधनों, दुष्परिणामों एवं नशे से बचने के लिए विभिन्न उपायों की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की गई। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा किए गए निर्णय के अनुसार चंचल गुप्ता प्रथम, साक्षी जांगिड़ एवं भारती यादव द्वितीय व सीमा गुर्जर तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य प्रो. राजेंद्र कुमार सिंह ने विजेता रहे सभी प्रतिभागियों को बधाई दी एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम गायसुदिन से बदलकर मो. इरफान पुत्र फुल मोहम्मद रख लिया है। भविष्य में मुझे मो. इरफान के नाम से जाना जावे। पता:- A-574, न्या जालूपुरा शास्त्री नगर जयपुर राजस्थान।

मैं प्रदीप देवनानी पुत्र श्री दयाल दास देवनानी निवासी D-41, बजरंगविहार-3, हरमाड़ा घाटी, जयपुर राजस्थान। प्रदीप कुमार देवानानी व प्रदीप देवनानी दोनों नाम स्वयं के है तथा भविष्य में मुझे प्रदीप देवनानी के नाम से जाना जाये।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या नीलम वशिष्ठ पत्नी श्री राहुल वशिष्ठ निवासी मकान नम्बर 3/591, प्रधान मार्ग मालवीय नगर जयपुर, राजस्थान द्वारा श्री सुकृत शर्मा पुत्र स्व.श्री मुरारी लाल शर्मा निवासी फ्लैट नम्बर सी- 244, आशियाना रंगोली, ग्राम आशियाना, भिवाडी, अलवर राजस्थान से उनके एकमात्र स्वामित्व व अधिपत्य की सम्पत्ति फ्लैट नम्बर E-F0149 1st FLOOR PLOT NO E-F0149 AT, GULMOHAR GARDENS MANPURA BHATAWALA, VATIKA ROAD, SANGANER, JAIPUR राजस्थान मे स्थित है जिसका कुल बिल्टअप एरिया 808.80 वर्गफीट व सुपर बिल्टअप एरिया 1010 वर्गफीट है को खरीद करने हेतु एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. से ऋण प्राप्त कर उक्त सम्पत्ति को बंधक रखना चाहता है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को उक्त सम्पत्ति के खरीद / बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी।
जयपुर (रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट
दिनांक:-16.06.2025 मो.नं. 9829256466

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती पूजा हरियानी धर्मपत्नि श्री विष्णु हरियानी, मकान नम्बर 1/340, मालवीय नगर, जयपुर के पति विष्णु हरियानी पुत्र स्व. गुलाबराय हरियानी जो कि विगत एक वर्ष से मानसिक रूप से अस्वस्थ है तथा सोचने, समझने एवं सही निर्णय लेने की स्थिति में नहीं है। मकान नम्बर 1/340, 1/14, 2/498, मालवीय नगर, जयपुर की अचल सम्पत्तियाँ मेरी अभिभाष्या के पति की पैतृक अचल सम्पत्तियाँ है जिनकी खरीद मेरी अभिभाष्या के विवाहोपरांत हुई है जिसमें मेरी अभिभाष्या की आर्थिक सहभागिता रही है उक्त सम्पत्तियों पर मेरी अभिभाष्या का कब्जा है। किसी भी दीगर व्यक्ति, संस्था द्वारा विष्णु हरियानी से उक्त सम्पत्तियों के क्रय / हस्तान्तरण बाबत किये गये किसी भी प्रकार के संव्यवहार के लिए संबधित पक्ष स्वयं उत्तरदायी रहेगा।
जयपुर (चन्द्रप्रकाश खेतानी) एडवोकेट
दिनांक:15/6/2025 मो.नं.9314505592

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण 1. मोहनलाल हरियानी, 2. रवि हरियानी भागीदार फर्म मीरा मेडिकल्स, दुकान नं 8 दूनी हाऊस, फिल्म कॉलोनी, चौड़ा रास्ता, जयपुर के अन्य भागीदार विष्णु हरियानी पुत्र स्व. गुलाबराय हरियानी जो कि विगत एक वर्ष से मानसिक रूप से अस्वस्थ है तथा सोचने, समझने एवं सही निर्णय लेने की स्थिति में नहीं है। किसी भी दीगर व्यक्ति, फर्म द्वारा विष्णु हरियानी से उक्त फर्म से संबधित किये गये किसी भी प्रकार के संव्यवहार / लेन-देन के लिए संबधित पक्ष परिणामों के लिए स्वयं उत्तरदायी रहेगा।
जयपुर (चन्द्रप्रकाश खेतानी) एडवोकेट
दिनांक:15/6/2025 मो.नं.9314505592

खोया-पाया

मेरे मकान 2 घ 10, जवाहर नगर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, अदैय प्रमाण पत्र, कार्यालय आदेश, पर्पेटुअल लीज एवं कन्वेंस डीड-जवाहर नगर में कहीं खो गए। मिलने पर सूचित करें- मंजू माथुर-9928499072

मेरे मकान संख्या 17, न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रणथम्भौर रोड, सवाई माधोपुर, राजस्थान के मूल आवंट पत्र, साईट प्लान, नक्शा, पजेशन लैटर व अन्य दस्तावेज कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें- निरंजन लाल गुप्ता 9828772285

मेरे आवास संख्या 67/193, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन से मौलिक कब्जे की मूल प्रति कहीं गिर/गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें- रितेश जैन 9929112021

गंगोत्री व हरिद्वार जाने के लिए पंजीयन शुरू

- गंगाजल लाने के लिए 30 जून को पावटा से गंगोत्री के लिए व 8 जुलाई को हरिद्वार के लिए शिवभक्त होगे रवाना

पावटा। बाबा भूतनाथ कमेटी पावटा के सानिध्य मे आगामी 30 जून 2025 सोमवार को गंगाजल लाने के लिए कावड यात्रियों का एक जत्था बाबा भूतनाथ जोहडा धाम पावटा व ज्ञानदास महाराज मंदिर से गंगोत्री व 8 जुलाई 2025 मंगलवार को एक जत्था पावटा से हरिद्वार के लिए रवाना होगा। जिसका बाबा भूतनाथ धाम मंदिर महंत जयराम दास महाराज के सानिध्य मे पोस्टर विमोचन किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए बाबा भूतनाथ कमेटी संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, अध्यक्ष विकास शर्मा, कावड प्रभारी मामराज स्वामी, विनोद सैन, गंगाधर मीणा, जम्मन राठी, मालीराम बाडीगर, बंटी शर्मा, प्रमोद शर्मा ने बताया कि बाबा भूतनाथ कमेटी पावटा के सानिध्य मे आगामी 30 जून 2025 सोमवार को कावड यात्रियों का दल शाम 5 बजे बाबा भूतनाथ की पूजा अर्चना करके पावटा से गंगोत्री व 8 जुलाई मंगलवार को हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेगा। वही गंगोत्री व हरिद्वार से गंगाजल भरकर 22 जुलाई बुधवार को वापस पावटा आगमन पर विशाल कावड शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा पहुंचेगी। वही 23 जुलाई 2025 बुधवार को बाबा भूतनाथ का गंगा जल से जलाभिषेक किया जायेगा। वही बाबा भूतनाथ कमेटी पदाधिकारियो ने कावड यात्रा में जाने वाले शिव भक्तो से गंगोत्री व हरिद्वार जाने के लिए कावड प्रभारियों से अपना अपना पंजीयन करवाने की बात कही। वही गौरतलब है कि भूतनाथ कमेटी पावटा द्वारा विगत 30 वर्षो से हरिद्वार से पैदल चलकर पावटा गंगाजल कावड यात्रा आती है। उसी गंगाजल से कावडियों, शिव भक्तो व ठाम जनता द्वारा बाबा भूतनाथ का अभिषेक किया जाता है।

प्राची यादव ने गौरवान्वित किया

श्रीमाधोपुर। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से शनिवार को जारी नीट-यूजी 2025 के रिजल्ट में मानगढ़ के डागर परिवार के कामरेड अनिल यादव एवं सरोज यादव की होनहार बिटिया प्राची यादव ने 720 में से 591 अंक अर्जित कर आल ओवर इंडिया में 2097 वीं रैंक हासिल करके परिवार ही नहीं समूचे अजीतगढ परिक्षेत्र को गौरवान्वित करने का काम कर दिखाया।अपनी बुद्धि एवं मेधावी शक्ति का परचम लहराने वाली प्राची यादव ने ओबीसी एनसीएल सेंट्रल लिस्ट केटेगिरी रैंक 703 प्राप्त करने में सफलता हासिल की। क्षेत्र के चिर-परिचित वयोवृद्ध शिक्षाविद् स्वर्गीय सूर्यनारायण यादव की पोती प्राची यादव अपने स्वर्गीय दादा को ही सबसे बडा प्रेरणास्त्रोत मानती हैं और रिजल्ट आते ही उन्हीं की तस्वीर के समक्ष सर्वप्रथम अपना स्कोरकार्ड समर्पित करके भावुक होकर नमन किया।21अक्टूबर, 2005 में जन्मी नन्हीं सी प्राची बचपन से ही होनहार एवं प्रतिभाशाली रही है। प्रारम्भिक शिक्षा अजीतगढ से लेने के बाद सीकर कोचिंग का सहारा लिया और नीट-यूजी फाईट कर दिखाया।

'बालक की प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा से हो'

निवाई। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, जयपुर के तत्वावधान में आयोजित हो रहे दस दिवसीय नवीन आचार्य अभ्यास वर्ग में सोमवार को विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गोविंद कुमार ने कहा कि बालक की प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी परिवर्तन कर इस बार 22 भाषाओं को शामिल किया गया है। ताकि प्राथमिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में दी जा सके। उन्होंने कहा कि बालक की शिक्षा गुणात्मक होनी चाहिए।

शिक्षा के साथ बालक का सर्वांगीण विकास भी होना आवश्यक है। बालक का संपूर्ण मूल्यांकन भी होना चाहिए। इससे बालक का समग्र विकास हो सकेगा। पाथेय से पूर्व प्राथमिक विभाग के प्रभारी गिर्राज प्रसाद गुर्जर ने भाव गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय संगठन मंत्री गोविंद कुमार, विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ.आनंद विजय, आदर्श शिक्षा परिषद, जयपुर के अध्यक्ष राममोहन गर्ग, भारतीय शिक्षा प्रचार समिति के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के सह मंत्री व वर्ग पालक हजारीलाल बैरवा, प्रांत सचिव लक्ष्मणसिंह राठौड, प्रांत निरीक्षक व अटल प्रभारी अरुण कुमार दुबे व स्थानीय प्रबंध समिति अध्यक्ष रामगोपाल सेवालिया व अविनाश पारीक ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभावशाली वंदना कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्या शिवानी गौतम ने किया। अतिथियों का परिचय वर्ग प्रबंध प्रमुख व स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद नारायण शर्मा ने करवाया। सभी अतिथियों का दुपट्टा ओढाकर व श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर, वर्ग सह प्रबंधक मोहनलाल शास्त्री, जिला सचिव दिनेश कुमार शर्मा, जिला संस्कार प्रमुख राजेश शर्मा, गोवर्धन शर्मा, रामजीलाल गुर्जर, तुलसीराम चौधरी, राजेश जैन, शिवराज पाराशर, सुरेशचंद गौतम, सूर्य प्रकाश खंडेलवाल, टीकमचंद कुमावत व भंवर चौधरी सहित अन्य कार्मिक व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

कार्यालय नगर परिषद कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड)

क्रमांक : न.प.कोट/भूमि/2025/928 दिनांक : 16.6.25

प्रारूप-10
(नियम 6(7)
लोक सूचना

आवेदनकर्ता श्री महेन्द्र सैनी पुत्र श्री बनवारी लाल सैनी जाति माली निवासी गौशला रोड तहसील कोटपूतली इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषित प्रयोजन (व्यवसायिक) उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नंबर	क्षेत्र	प्रयोजनार्थ
कोटपूतली-बहरोड, कोटपूतली	बासडी (कोटपूतली)	2178/1701 2179/1701	2.7500 है.	आवासीय

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारं के निर्वापन करकोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निस्तारण किया जाएगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन .... को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी, नगर परिषद कोटपूतली

कार्यालय नगर परिषद कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड)

क्रमांक : न.प.कोट/भूमि/2025/925 दिनांक : 16.6.25

प्रारूप-10
(नियम 6(7)
लोक सूचना

आवेदनकर्ता श्री महेन्द्र सैनी पुत्र श्री बनवारी लाल सैनी जाति माली निवासी गौशला रोड तहसील कोटपूतली इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषित प्रयोजन (व्यवसायिक) उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नंबर	क्षेत्र	प्रयोजनार्थ
कोटपूतली-बहरोड, कोटपूतली	खेडकी मुक्कड (कोटपूतली)	1463/165	0.1193 है.	व्यवसायिक

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारं के निर्वापन करकोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निस्तारण किया जाएगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन .... को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी, नगर परिषद कोटपूतली

उर्स कूल की रस्म के साथ सम्पन

मनोहरपुर । निकटवर्ती कस्बा अचरोल में स्थित हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतिक हजरत कर वाले बाबा रहमतुल्लाह आलेह का वार्षिक उर्स मेला 16 जून सोमवार की सुबह कूल की रस्म के साथ मे विधिवत सम्पन्न हो गया। 15 जून रविवार को सुबह झंडे की रस्म के साथ मे उर्स का आगाज हुआ इसी के साथ मे रंग बिरंगे परिधानों में सज संवरकर विभिन्न वाहनों में सवार होकर जायरिनों का आना शुरू हुआ। शाम 5 बजे बाद में मस्जिद के पास से चाद्दर का जुलूस कव्वालों के संग निकला जो कि अचरोल कस्बे के प्रमुख मार्गो से गुजरता हुआ बाबा के दरबार मे आया इस दौरान हिन्दू मुस्लिम भक्त पुष्पवर्षा करके ठंडा पानी शर्बत आदि पिलाकर जुलूस का स्वागत किए। मगरिब के बाद में लंगर वितरण किया जाएगा जिसमे बाबा के दीवानो ने पंगत प्रसादी ली। रात्रि 10 बजे बाद में सीकर की मशहूर कव्वाल पार्टी द्वारा सम्पूर्ण रात्रि तक बाबा की मान मनुहार की गई। सोमवार की सुबह 4 बजे बाद में कूल की रस्म के साथ में उर्स विधिवत संपन्न होगया। इस दौरान उपस्तिथ सूफी लोगो का व सरोहनीय कार्य करने वालो का सम्मान किया गया। यह जानकारी हजरत कर वाले बाबा के गद्दी नशीन व दरगाह के खादिम काल्लू शाह बाबा व उनके लडके कांग्रेसी नेता शकील खान ने दी।

किशनगढ़ बास में सिंधी समाज का 11 दिवसीय बाल संस्कार शिविर प्रारंभ

किशनगढ बास। पूज्य सिंधी पंचायत एवं भारतीय सिंधु सभा की ओर से संत कंवर राम हरिमंदिर में 11 दिवसीय सिंधी बाल संस्कार शिविर का अतिथियों ने इष्टदेव भगवान झूलेलाल एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

सिंधी समाज के प्रवक्ता सुनील बतरा ने बताया कि समाज में मातृभाषा के उत्थान हेतु 5 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों का 15 जून से 25 जून तक सिंधी बाल संस्कार शिविर लगाया गया है। संत कंवर राम हरि मंदिर में 11 दिनों तक चलने वाले शिविर का पूज्य सिंधी पंचायत के मुखी गोकुलदास मृगवानी , पूज्य बहराणा मंडल के बाबा बाबूलाल चंदनानी, सेवानिवृत्त डाक्टर युधिष्ठिर पमनानी, समाजसेवी दौलत भूटानी, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष परमानंद लख्यानी, सरपंच जनैश भूटानी, लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ राजेश पमनानी ने इष्टदेव भगवान झूलेलाल एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का भारतीय सिंधु सभा के सदस्यों ने दुपट्टा ओढाकर स्वागत सत्कार किया । सिंधी बाल संस्कार शिविर में शुभारंभ

सिंधी समाज के प्रवक्ता सुनील बतरा ने सिंधी बाल संस्कार शिविर के बारे में जानकारी दी।

तक 105 बच्चों के नामांकन हो चुके है, जिसमें ननिहाल में छुट्टियां बिताने आए हनुमानगढ़, जयपुर, कोटा ,अजमेर, अलवर के बच्चे भी भाग ले रहे हैं। सिंधी बाल संस्कार शिविर के सभी बच्चों को प्रतिदिन भामाशाह के सहयोग से अल्पाहार एवं पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। शिविर के प्रथम दिन बच्चों के अल्पाहार की व्यवस्था व्यापार महासंघ के अध्यक्ष परमानंद लख्यानी की तरफ से की गई थी । शिविर में बच्चों को सिंधी समाज के शिक्षक सुभाष चंद्र दासवानी, विक्की बत्रा, रुचि हरवानी, शारदा बत्रा, जागृति आडवानी, हिमांशी मंघनानी, आशु हरवानी, हिमानी धिंगाणी सिंधी ज्ञान भाषा के साथ योग गायन एवं खेलकूद की शिक्षा भी प्रदान करेंगे । शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान पूज्य सिंधी पंचायत के सदस्य नेभराज बतरा , तीरथ दास बतरा,नंदलाल हरवानी,रूपचंद बतरा, दर्शन लाल बतरा,झामन दास हरवानी, रमेश हरवानी, रामचंद्र आडवानी, राजेश कामदार, राजा मोरवानी, मनीष भूटानी, भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष प्रभु दयाल चंदनानी, चतुर्भुज बजाज, नेवंद मल , लक्ष्मण दास मंगलानी, नरेश मंघनानी,मुरलीधर बच्चानी,राजा वलेचा, संजय बजाज, हीरु हरवानी,बंसत लख्यानी, सुनील वलेचा, अक्षय बजाज, हिमांशु बतरा,भरत सहित अनेक सिंधी समाज के लोग मौजूद रहे।

कार्यालय विकास अधिकारी कम कार्यक्रम अधिकारी पंचायत समिति सेवर

क्रमांक : 556 दिनांक : 13.6.2025

खुली ई-निविदा संख्या 03/2025-26

पंचायत समिति सेवर एवं इसके परिक्षेत्राधीन 25 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत फर्मो/संवेदकों/सप्लायरों से दिनांक 31.03.2026 तक के लिए ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट www.spp.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in पर 16.06.2025 से 27.06.2025 तक देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB No. ZBH2526A0204

UBN No.

1.	मूढौता	ZBH2526GLOB00354	14.	इकरन	ZBH2526GLOB00369
2.	फुलवारा	ZBH2526GLOB00357	15.	माढौनी	ZBH2526GLOB00370
3.	बासीखुर्द	ZBH2526GLOB00358	16.	सुनारी	ZBH2526GLOB00371
4.	झारौली	ZBH2526GLOB00359	17.	घुरथ्यारी	ZBH2526GLOB00372
5.	लुधावई	ZBH2526GLOB00360	18.	पार	ZBH2526GLOB00373
6.	बिलौठी	ZBH2526GLOB00361	19.	हथैनी	ZBH2526GLOB00374
7.	जाटौली स्थमान	ZBH2526GLOB00362	20.	कूम्हों	ZBH2526GLOB00375
8.	जघीना	ZBH2526GLOB00363	21.	महुआ	ZBH2526GLOB00376
9.	ऊंदरा	ZBH2526GLOB00364	22.	रूँध इकरन	ZBH2526GLOB00377
10.	चिकसाना	ZBH2526GLOB00365	23.	खैमरा	ZBH2526GLOB00378
11.	बहनेरा	ZBH2526GLOB00366	24.	गावडी	ZBH2526GLOB00379
12.	पीपला	ZBH2526GLOB00367	25.	धौरमुई	ZBH2526GLOB00380
13.	मोराली कला	ZBH2526GLOB00368	20.	प.स. सेवर	

विकास अधिकारी कम कार्यक्रम अधिकारी, पंचायत समिति सेवर

सार-समाचार

विभिन्न मांगों पर चर्चा

भरतपुर (निस)। ऑल राजस्थान चम्बल कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही जयपुर में महापड़ाव डाला जाएगा, जिसमें ठेकेदार शांति पूर्ण तरीके से अपनी मांगें मनवाने के लिए धरना प्रदर्शन करेंगे।हालांकि इससे पहले वह मंत्री को ज्ञापन देकर अवगत करा चुके हैं लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। ऑल राजस्थान चम्बल कॉन्ट्रेक्टर प्रदेश अध्यक्ष अमर चंद विश्नोई ने बताया कि उनकी कही मांगे है जिन्हें लेकर कही बार चम्बल मंत्री को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है लेकिन उनकी मांग नहीं मानी गई है.सिर्फ अब तक आश्वासन मिला है.भरतपुर में चम्बल कॉन्ट्रेक्टरो की एक बैठक की गई जिसमें निर्णय लिया गया है जल्द जयपुर में सभी ठेकेदार महापड़ाव डालेंगे वहां शांति पूर्ण तरीके से अपनी मांग मनवाने के लिए धरना प्रदर्शन करेंगे । उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में जिन कामों को किया गया उनका भुगतान नहीं हुआ है, जीएसटी दर 12: से 18: कर दी गई है । पीएमसी सील कोट और अन्य सिविल कार्यों की दोष निवारण अवधि एक वर्ष की जाए। इसके अलावा डीबीएम, बीसी व सीसी तथा भवन कार्यों की अवधि अधिकतम तीन वर्ष तय करने, टाइम एक्सटेंशन के मामलों का अधिकार उच्च अधिकारी को देने, पंजीयन नियमों में बदलाव करने, स्थायी पंजीकृत ठेकेदारों से बढ़ी हुई राशि नहीं लेने व पुनर्विलोकन की बाध्यता हटाने सहित अन्य मांगें रखी।इसके अलावा हैंडओवर और टेकओवर की पूरी प्रक्रिया विभाग खुद करें। ठेकेदारों को बाध्य न किया जाए।

धर्मेन्द्र का नीट में चयन

निवाई। गांव हथोना निवासी धर्मेन्द्र सैनी पुत्र गौरीलाल सैनी का नीट परीक्षा 2025 में चयन हुआ है। छात्र धर्मेन्द्र सैनी ने बताया कि उन्होंने लगातार दूसरे प्रयास में 563 अंकों से 7274 रैंक प्राप्त करके नीट में सफलता हासिल की है। धर्मेन्द्र सैनी ने बताया कि उनके माता-पिता का सपना था कि उनका पुत्र डॉक्टर बनकर समाज सेवा का कार्य करें, जो सपना 2025 में साकार हो गया। उनके पिता गौरीलाल सैनी जयपुर में 20 वर्षों से मेहनत मजदूरी का कार्य करते हैं एवं गांव आधोलाई में खेती का कार्य करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनके पुत्र धर्मेन्द्र सैनी का चयन होने से पूरे परिवार सहित समस्त रिश्तेदारों व गावं में खुशी का माहौल है।

अवैध बजरी से भरा ट्रक जब्त

टोंक। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक ट्रक को जब्त किया है, जो अवैध बजरी से भरा हुआ था। बरोनी थाना अधिकारी बृजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया सोमवार को थाने के सामने नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें अवैध रूप से 50 टन बजरी भरी हुई पाई गई, जिसे तुरंत जब्त कर एमएमआरडी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई ।

बीएमडी जांच शिविर आज

श्रीमाधोपुर। शहर के एम. एस. हॉस्पिटल में मंगलवार 17 जून को निःशुल्क यूरिक एसिड और बोन मैरो डेंसिटी (बीएमडी)जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. माधव सिंह ने बताया कि शिविर में मरीजों का यूरिक एसिड और बोन मैरो डेंसिटी जांच किया जाकर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। यह शिविर प्रतिमाह आयोजित किया जाता है।

मशरुका मोटरसाइकिल बरामद

पावटा। जिला पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड़ राजन दुष्यंत के निर्देशानुसार अपराधियों की धरपकड़ एवं बदमाशान के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन, वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन एवं विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल के नेतृत्व में टीम का गठन ठााम नवरंगपुरा से अभियुक्त अनिल पुत्र कल्याण उम्र 25 साल निवासी नवरंगपुरा थाना विराटनगर की गहनता से तलाश कर नवरंगपुरा से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद प्रकरण में चोरी हुई माल मशरुका मोटरसाइकिल बरामद कर अनुसंधान कर गिरफ्तार किया गया। विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल ने बताया कि 9 दिसंबर 2024 को परिवादी ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि 5 दिसंबर 2024 को शादी समारोह के दौरान भामोद मोड़ नवरंगपुरा से कोई अज्ञात चोरी कर ले गया है। जिस पर बी एन एस में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

अवैध बजरी से भरा ट्रक जब्त

निवाई। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रक को जब्त किया है। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह राठौड ने बताया कि पुलिस थाने के सामने नाकाबंदी के दौरान अवैध-बजरी से भरे हुए एक ट्रक को जब्त किया। ट्रक में करीब 50 टन बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने चालक व मालिक के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर लिया है। ट्रक को मय बजरी के थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया है।

करंट से 11 वर्षीय बालक अचेत

पावटा। प्रागपुरा के सुभाष चौक पर रविवार की देर शाम करीब 09 बजे एक 11 साल का बच्चा हाई मास्क विद्युत पोल में करंट की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा कार्मिकों को कई बार इस पोल में दौड़ते करंट की शिकायत की जा चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। हादसे में 11 साल का बच्चा सिद्दीकी पुत्र इकबाल हाल निवासी प्रागपुरा अचेत हो गया और उसे तुरंत उपजिला अस्पताल पावटा ले जाया गया। जहां डॉ. सौरभ ने बताया कि बच्चे का प्राथमिक उपचार कर 10 मिनिट बेहोश रहने के कारण जिला अस्पताल कोटपुतली रेफर किया है। इस घटना ने नगरपालिका और विद्युत विभाग की लापरवाही को उजागर किया है। लोगों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस घटना से नगरपालिका और विद्युत विभाग की जिम्मेदारी, जिम्मेदारियों को सही तरीके से निभाना और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कुछ किया जा सकता है जैसे कई सवाल खड़े होते है।

जिला प्रभारी मंत्री ने अलवर व खैरथल में अधिकारियों की बैठक ली

प्रभारी मंत्री ने अलवर व खैरथल में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की।

- कोटकासिम के कतोपुर में अभियान के तहत जोहड पर की सफाई व मिट्टी खुदाई, दुर्लभ नाथ मंदिर में किया पौधारोपण
- अलवर के रोजाकाबास चांदोली में किए कार्यों का अवलोकन

अलवर/ खैरथल। जिले के प्रभारी एवं कृषि एवं उद्यानिकी, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करे और फील्ड में जाकर कार्यों का अवलोकन करें। प्रभारी मंत्री मीणा ने सोमवार को यह निर्देश अधिकारियों को अलवर कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला एवं खैरथल कलेक्टर किशोर कुमार की मौजूदगी में हुई बैठक के दौरान दिए हैं।

प्रभारी मंत्री सोमवार को अलवर और खैरथल में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की क्रियान्विति को लेकर अधिकारियों की बैठक लेने पहुंचे थे। उन्होंने बैठक में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कहा कि अभियान के तहत हर गतिविधि में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करें और फील्ड में जाकर के कार्यों का अवलोकन करें तभी अभियान सार्थक होगा ।

खैरथल बैठक में जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने अभियान के तहत अब तक किए कार्यों से पीपीटी के माध्यम से जिला प्रभारी मंत्री को अवगत करवाया और भविष्य में किए जाने वाले कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। मंत्री किरोडी लाल मीणा ने अधिकारियों को भूजल संरक्षण हेतु पारंपरिक पद्धितयों के पुनरुद्धार और जल संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया और कहा कि अभियान में प्रत्येक अधिकारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और यह जिम्मेदारी धरातल पर भी दिखनी चाहिए। मंत्री ने कहा योजनाओं के समुचित प्रचार-प्रसार और वंदे गंगा अभियान से मुख्यमंत्री का प्रदेश कल्याण का सपना साकार होगा। इसके मंत्री ने कोटकासिम स्थित दुर्लभ नाथ मंदिर, कतोपुर में वंदे गंगा अभियान के तहत जोहड़ की सफाई में श्रमदान कर "हरियालो राजस्थान" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया।

उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंत्री सहित अन्य अतिथियों ने पारंपरिक औजारों की सहायता से जोहड़ से मिट्टी निकालकर उसकी पाल पर डाली, जिससे जल संचयन की क्षमता बढ़ सके । कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने उपस्थित आमजन को जल संरक्षण की शपथ दिलाई तथा जल व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, और इसका संरक्षण आज की सबसे बडी आवश्यकता है।

यदि आज हम जल स्त्रोतों की रक्षा नहीं करेंगे, तो भविष्य की पीढियों के लिए संकट खड़ा हो जाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव, जिला कलेक्टर किशोर कुमार पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, भिवाडी पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सालुखे गौरव रविंद्र, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव, डीएफओ राजेंद्र हुड्डा सहित अधिकारीगण एवं कार्यक्रम स्थल पर पर बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

ओवरलोड वाहनों से हादसे की आशंका

सिरस। बरोनी से सिरस सड़क मार्ग पर से रोजाना असॅवर लोड बजरी से भरे हुए ट्रेक्टर ट्रोलियों की आवाजाही से दुर्घटना की अशंका बनी हुई है। ठाामीणों ने बताया कि बरौनी-सिरस सडक़ पर बनास नदी से अवैध बजरी भर कर आने वाले ट्रेक्टर ट्रोलियो से आम जन परेशान है। पराना से सिरस तक ट्रैक्टरों के आवागमन से श्योसिंहपुरा, वजीराबाद, खलीलाबाद, सिरस व बस्सी सहित अन्य गांवो के लोगो को समस्या बनी हुई है। लोगो ने बताया कि अवरलोड बजरी से भरी ट्रोलियों के साथ ट्रेक्टर के संचालन से सडक़ मार्ग जगह जगह से टूट गया। ट्रेक्टर के तेज गति से संचलन से गांवो मे दुर्घटना की सम्भवनाऐं बनी हुई है। बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रोलियो के संचालन मे रोक लगाने के लिए प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी ध्यान नही देने से लोगो मे भारी रोष व्याप्त है। ठाामीणों ने पुलिस प्रशासन से बजरी से भरे अवैध ट्रेक्टरों पर रोक लगाने की मांग की है।

जल संरक्षण अभियान परंपरा व भविष्य दोनों को सहेजने का प्रयास : राजेंद्र गुर्जर

टोंक। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम सोमवार को अलीगढ़ में आयोजित हुआ। पंचायत समिति सभागार में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जल संरक्षण अभियान परंपरा और भविष्य दोनों को सहेजने का प्रयास है। विधायक ने कहा कि हमारे प्राचीन जल स्त्रोत केवल जल का भंडारण भर नहीं है, बल्कि ये हमारी विरासत और सामुदायिक जीवन के केंद्र रहे है। बावड़ियां, कुएं, तालाब यह सभी हमारी धरोहर है। उन्होंने कहा कि सभी लोग पेड़ लगाएं और उसकी देखभाल करें। उन्होंने अधिकारियों को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में उपखंड उनियारा की 22 ग्राम पंचायतों में लगने वाले शिविरों में अधिकाधिक जनजातीय वर्ग के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि प्लास्टिक का अंधाधुंध उपयोग से हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इसके साथ ही, भविष्य भी संकट में है।

यह सैकडों वर्षो तक नष्ट नहीं होता और जमीन, जलवायु सभी को प्रदूषित करता है। सभी लोग प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें तथा कचरें को यहां-वहां नहीं डाले। कार्यक्रम में प्रधान फूल बाई मीना और पूर्व पालिकाध्यक्ष शंकर लाल ठाडा ने भी जल संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। कस्बे की महिलाओं ने अंबेडकर सर्किल से कलश यात्रा एवं जल संरक्षण जन जागरूकता रैली निकाली। विधायक राजेंद्र गुर्जर, जिला प्रमुख सरोज बंसल, प्रधान फूलबाई मीना, सीईओ परशुराम धानका, एसीईओ ललित कुमार, जल ग्रहण एवं भू-संरक्षण विभाग के अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश देवनानी ने विधिवत रूप से पीपल के वृक्ष का पूजन कर जिले में अच्छी वर्षा की कामना की। इसके पश्चात पीपल का पौधारोपण कर श्रमदान किया। अतिथियों ने कार्यक्रम के दौरान धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के जिले में शिविर आयोजन के ग्राम पंचायत एवं तिथि वार कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। इसके बाद विधायक राजेंद्र गुर्जर ने जनसुनवाई कर क्षेत्र के लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी शत्रुघन गुर्जर, तहसीलदार विकास अधिकारी प्रवीण कुमार सैनी, विकास अधिकारी शंकर लाल मेघवाल समेत अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

राज्य सरकार में कानून व्यवस्था व विकास कार्य चौपट : राठौड़

- आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन व कांग्रेस नेता धर्मेन्द्र सिंह राठौड कोटपूतली पहॅुचे
- पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

कोटपूतली। कोटपूतली-बहरोड़ जिले के ग्राम काठुवास में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के पिता स्व. लेखराम ठेकेदार की 16 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आये पूर्व नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ का कोटपूतली पहॅुचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में कस्बे के कृष्णा टॉकिज रोड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राठौड़ का माला व साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रैस से बातचीत करते हुये राठौड़ ने राज्य सरकार को पर्ची सरकार करार देते हुये कहा कि 40 विधायकों व 02 डिप्टी सीएम ने मुख्यमंत्री को आरएएस परीक्षा आगे बढ़ाने के लिये पत्र लिखा है, लेकिन जब उनकी ही नहीं सुनी जा रही है तो स्पष्ट होता है कि सरकार में आपसी तालमेल कैसा है। सरकार के मंत्रियों व विधायकों में असंतोश इस कदर व्याप्त है कि प्रदेश को विपक्ष की आवश्यकता ही नहीं है। मंत्री कब पद पर है एवं कब पद पर नहीं कुछ कहां नहीं जा सकता। किरोड़ी लाल मीणा का उदाहरण सभी के सामने है। राठौड़ ने आरोप लगाया कि भजन लाल सरकार में कानून व्यवस्था का बंटाधार है। विकास कार्य चौपट हो चुके है। आये दिन अपराध, बलात्कार जैसे घृणित अपराधों की सूचनायें आती रहती है, जिससे स्पष्ट होता है कि अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं रह गया है।

भगवानसिंह रोल साहब को श्रद्धांजलि

निवाई। ग्राम पंचायत पलेई में श्री क्षित्रय युवक संघ संरक्षक भगवानसिंह रोल साहब का सर्व समाज के तत्वावधान में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोल साहब को जुझारजी महाराज के मंदिर में सर्व समाज के महिला-पुरुषों व बच्चों की शाखा के स्वयंसेवकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला प्रांत प्रमुख गोविंदसिंह ने भगवानसिंहजी के जीवन एवं उनके द्वारा किए गए महान कार्यों पर विचार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भगवान सिंह रोल क्षत्रिय युवक संघ के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर करके समाज को नई दिशा दी है। जिनको समाज कभी नहीं भूला सकता है। उनकी प्रेरणा सर्व समाज को साथ लेकर काम करने एवं सबके साथ समानता का व्यवहार करना रहा है। उन्होंने समाज को जाठाती की शिक्षा दी है। इस अवसर पर जयसिंह चौहान, गोपाल सिंह, हितेश सिंह, राजेंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह, प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, आर्यवीर सिंह, श्रीदेवी कंवर, मुस्कान चौहान, वंदना कंवर व दीपशिखा न्यासा सहित कई महिला-पुरूषों ने श्रद्धांजलि देकर याद किया।

जल संरक्षण जन अभियान एवं फ्लैगशिप योजनाओं पर विचार विमर्श

कोटपूतली । जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में किया गया। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, बजट घोषणाओं, विकास कार्यों, वन्द गंगा जल स्वावलम्बन अभियान, एनएफएसए में नाम जोडने की प्रगति, योग दिवस, चुनाव सम्बन्धी कार्य, लम्बित यूडीआईडी कार्ड जारी करने, पंडित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े और एमओयू कंप्लायंस के बारे में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों की पालना सुनिश्चित कर सभी कार्यों को विहित समय में किया जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पोर्टल पर डाटा को नियमानुसार अद्यतन करें। सम्पर्क पोर्टल के सभी प्रकरणों को नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, पीएम विश्वकर्मा योजना सहित सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं की बिंदुवार चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारी को फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष रूप से फोकस करते हुए योजनाओं से सभी पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन तक योजनाओं के पर्याप्त प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रमों को जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाए और जनप्रतिनिधियों की भी अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जिले की रैंकिंग बेहतर बनाने के लिए भी प्रयास किए जाए। जिला कलक्टर ने कहा कि एनएफएसए में नाम जोडने का कार्य प्राथमिकता से लिया जाए और कोई भी पात्र वंचित न रहे। उन्होंने योग दिवस चर्चा करते हुए कहा कि अधिकाधिक लोगों को योग के लिए प्रेरित किया जाए और योग संगम पोर्टल पर अधिकाधिक रजिस्ट्रेशन करवाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रामनिवास यादव, एसई वाटरशेड हरिमोहन बैरवा, नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी वीसी कक्ष में और उपखंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे। जिला कलक्टर कल्पना अठावाल की

जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में किया गया। सम्पर्क पोर्टल के सभी प्रकरणों को नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, पीएम विश्वकर्मा योजना सहित सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं की बिंदुवार चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारी को फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष रूप से फोकस करते हुए योजनाओं से सभी पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योग दिवस चर्चा करते हुए कहा कि अधिकाधिक लोगों को योग के लिए प्रेरित किया जाए और योग संगम पोर्टल पर अधिकाधिक रजिस्ट्रेशन करवाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रामनिवास यादव, एसई वाटरशेड हरिमोहन बैरवा, नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

सार-समाचार

टैक्स चोरी के मामले में बस जब्त

भरतपुर (निस)। भरतपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी प्लेट और टैक्स चोरी के मामले में एक राजस्थान लोक परिवहन बस को जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई यातायात पुलिस द्वारा हीरा दास चौराहे पर की गई, जहां एक दौसा नंबर की बस को रोका गया और उसके चालक और मालिक से कागज मांगे गए। जांच में पता चला कि बस के मालिक और चालक ने करीब 36 हजार रुपये का टैक्स चोरी किया था और फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बस चला रहे थे। इसके अलावा, बस का परमिट भी नहीं था। अटलबंद थाने पर तैनात एएसआई हरवीर सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस के द्वारा हीरा दास चौराहे पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी.तभी एक दौसा नंबर की बस आकर रुकी. जब उसके चालक और मालिक से कागज मांगे तो उनके पास कागज नहीं थे.जब जांच की तो पता चला यह लोग एक साल करीब 36 हजार रुपए का टैक्स चोरी करने के साथ साथ फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बस चला रहे है.इनके पास बस का परमिट भी नहीं था. यातायात पुलिस ने राजस्थान लोक परिवहन की बस और दोनों आरोपियों को अटलबंद थाने के सुपुर्द कर दिया.अटलबंद थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बस को जप्त किया है. बस के चालक की पहचान कुरवारिया निवासी इंदल सिंह और मालिक मोहित भरतपुर निवासी के रूप में हुई है ।

संकल्प से सिद्धि तक अभियान शुरु

